Bareilly, Sunday
12 July 2026
BAREILLY EDITION

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO.- 07 : MIDDLE

# 'देहदान करने वाले अमर'




bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (11 July):** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित 'देह से दिव्यता तक' कार्यक्रम में देहदान का संकल्प लेने वाले 11 महादानियों को चेयरमैन देव मूर्ति ने सम्मानित किया. इनमें एक ही परिवार की पांच बहनें (अंजना, कल्पना, रंजना, कंचना और अल्पना शर्मा) शामिल हैं, जिन्होंने एक साथ यह संकल्प लिया. देव मूर्ति ने इसे महादान बताते हुए कहा कि संस्थान में अब तक 95 से ज्यादा लोग देहदान कर चुके हैं. इसी दौरान भ्रूण विज्ञान पर एक मेडिकल सेमिनार भी हुआ, जिसमें डॉ. विश्राम सिंह सहित कई बड़े डॉक्टरों ने जन्मजात बीमारियों और आईवीएफ तकनीक पर अपने विचार रखे.